RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 21.7.2023
Page No. 4, Size:(1.97)cms X (5.11)cms.

स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

नई दिल्ली । कादीपुर स्थिति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय में पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओएनजीसी व गेल कंपनी अधिकारियों शैलेश कुमार (सहायक निदेशक) शिव कुमार आदि के निर्देशन में स्वच्छता के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। बच्चों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, मैजिक शो, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रमुख जोगिन्दर कुमार (बॉयज) श्रीमती मीना (गर्ल्स), एसएमसी सदस्य विकास सैनी ने इस योगदान के लिए ओएनजीसी और गेल के अधिकारियों का आभार जताया, जिनकी पहल से स्कूली छात्रों को स्वच्छता किट और स्वच्छ पानी के लिए वाटर प्यूरिफायर मिला।